झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, रांची–834001

संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के गैर शैक्षणिक विशेषज्ञ चिकित्सकों के विभिन्न पदों पर *बैकलॉग* नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या– 02/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा झारखण्ड राज्य के गैर शैक्षणिक विशेषज्ञ चिकित्सकों के **स्त्री रोग विशेषज्ञ, निश्चेतक, फिजीशियन, सर्जन, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ** के पदों पर ***बैकलॉग*** नियुक्ति हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर झारखण्ड राज्य के **अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (BC-I) एवं पिछड़ा वर्ग (BC-II) कोटि** के इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन पत्र दिनांक– **14.02.2018 से 31.03.2018** तक आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन की मुद्रित स्वहस्ताक्षरित प्रति एवं विज्ञापन की कंडिका–**12(थ)** में दिए गए निदेशानुसार सभी वांछित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आयोग कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **13.04.2018** होगी।

उक्त परीक्षा से संबंधित विज्ञापन संख्या–**02/2018**, Online Application का विस्तृत विवरण आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर दिनांक–**14.02.2018** से उपलब्ध रहेगा।

2. यह संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

ह0/–

सचिव,

झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची